प्रेषिका,

नीतू पाठक
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भ्र0नि0
/विशेष न्यायाधीश,सी0बी0आई0
कोर्ट संख्या–1, लखनऊ।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय
इलाहाबाद।

द्वारा:– श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
लखनऊ।

विषय:– संशोधित चिकित्सीय अवकाश स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

माननीय महोदय,

सादर अवगत कराना है कि मेरी बायीं ऑख (रेटिना) में तकलीफ होने के कारण उक्त को मेडिकल इमरेजेन्सी मानते हुए दिनांक 13.09.2017 को मेरी बायीं ऑख का आप्रेशन हुआ। तत्पश्चात् दिनांक 20.03.2018 को पुनः उक्त ऑख की सर्जरी की गयी।

दिनांक 04.09.2019 को बायीं ऑख में पुनः तकलीफ होने पर मेरे द्वारा एस.जी.पी.जी.आई. लखनऊ, में ऑख का परीक्षण करवाया गया, जिसमें चिकित्सक द्वारा मेरी बायीं ऑख का अविलम्ब ऑपरेशन निर्दिष्ट किया गया है। तद्क्रम में मेरी बायीं ऑख का ऑपरेशन दिनांक 06.09.2019 को प्रकाश नेत्र चिकित्सालय लखनऊ, में हुआ था तथा उपचार हो रहा है। इस ऑपरेशन के उपरान्त पूर्व मेडिकल इतिहास की गम्भीरता के दृष्टिगत चिकित्सीय परामर्श के अनुसार सभी शारीरिक श्रम, धूल–मिट्टी, धूप इत्यादि से बचने हेतु मुझे सावधानियॉ रखने हेतु निर्दिष्ट किया गया था और चिकित्सक के परामर्श के अनुसार मैंने दिनांक 06.09.2019 से 20.09.2019 तक के चिकित्सीय अवकाश निर्धारित प्रारूप पर माननीय महोदय को प्रेषित किया गया था परन्तु मेरे द्वारा दिनांक 19.09.2019 को पुनः अपनी बायीं ऑख का चेकअप कराया गया जिस पर चिकित्सक द्वारा पुनः धूल–मिट्टी, धूप इत्यादि से बचने हेतु मुझे सावधानियॉ रखने के लिए निर्दिष्ट किया गया है एवं 7 दिन का अतिरिक्त रेस्ट हेतु परामर्श दिया गया है। ऑख की संदेनशीलता एवं चिकित्सीय परामर्श के दृष्टिगत मुझे अतिरिक्त 7 दिवस अर्थात 20.09.2019 से 26.09.2019 तक के चिकित्सीय अवकाश की आवश्यकता है। अतः निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 06–09–2019 से 26–09–2019 तक का संशोधित चिकित्सीय अवकाश याचित है। मूल चिकित्सकीय प्रमाणपत्र एवं स्वस्थता प्रमाणपत्र बाद में प्रभार ग्रहण करने पर मााननीय महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

अतः माननीय महोदय से विनम्र अनुरोध है कि दिनांक 06.09.2019 से 26.09.2019 तक संशोधित चिकित्सीय अवकाश स्वीकृत कराने हेतु मेरा चिकित्सीय आवेदनपत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कराने की कृपा करें।

सादर,

3544/I-219 20/9/19

भवदीया,

(नीतू पाठक)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भ्र0नि0
/विशेष न्यायाधीश,सी0बी0आई0
कोर्ट संख्या–1, लखनऊ।

दिनांक:20.09.2019

संलग्नक:1. निर्धारित प्रारूप पर चिकित्सीय आवेदनपत्र